भगवा लहराएगा | By Kunal Bathwal

राम नाम जो गायेगा वो राम भक्त कहलायेगा
भारत के घर घर में भगवा लहराएगा

ढोल बजेंगे भक्त झूमेंगे छाएगी खुशहाली
दीप जलाकर होगा स्वागत मनेगी फिर से दिवाली
राम भूमि पर राम नाम का जयकारा गुंजाएगा
भारत के घर घर में भगवा लहराएगा

राम सिया लक्ष्मण जी संग में हनुमान जी विराजे
लंकापति को मार गिराये विजय प्राप्त कर आये
इंतज़ार ये बरसो का कुछ पल में ख़तम हो जायेगा
भारत के घर घर में भगवा लहराएगा

शक्ति सनातन की रंग लाइ राम प्रभु घर आये
भव्य हुआ निर्माण अयोध्या नगरी ये खिल जाए
मंदिर की हर एक ईंट पे जय श्री राम लिखायेगा
भारत के घर घर में भगवा लहराएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%97%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-kunal-bathwal/